भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 608

सोमवार, 24 जुलाई, 2023/2 श्रावण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

चिकित्सा पर्यटन से अर्जित राजस्व

608. श्री दुष्यंत सिंह:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान चिकित्सा पर्यटन के प्रयोजनार्थ राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने विदेशी और घरेलू पर्यटकों ने यात्रा की है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान चिकित्सा पर्यटन से कितना राजस्व प्राप्त हुआ है;

(ग) चिकित्सा के लिए दूसरे देशों से आने वाले रोगियों के लिए शिकायत-निवारण तंत्र क्या है; और

(घ) गत पांच वर्षों के दौरान बाजार विकास सहायता योजना के अंतर्गत विशेषकर राजस्थान राज्य के लिए वेलनेस टूरिस्ट सेवा प्रदाताओं और चिकित्सा पर्यटक सेवा प्रदाताओं को वर्ष-वार कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): वर्ष 2017 से 2021 के दौरान चिकित्सा के लिए भारत में विदेशी पर्यटक आगमन का विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र.सं.	वर्ष	भारत में कुल एफटीए (आंकड़े लाख में)	चिकित्सा के लिए भारत में एफटीए (आंकड़े लाख में)
1.	2017	100.3	4.95
2.	2018	105.6	6.44
3.	2019	109.3	6.97
4.	2020	27.44	1.83
5.	2021	15.27	3.23

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

पर्यटन मंत्रालय द्वारा घरेलू पर्यटक यात्राओं के प्रयोजन-वार तथा विदेशी पर्यटन आगमन के राज्य-वार आंकड़े तैयार नहीं किए जाते हैं।

(ख): इन आंकड़ों का रख-रखाव नहीं किया जाता हैं।

(ग): पर्यटन मंत्रालय को केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) पोर्टल के माध्यम से सेवा सुपुर्दगी में कमी, धोखाधड़ी आदि से सम्बन्धित शिकायतें/सुझाव प्राप्त होते हैं। यह सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर्यटन एवं आतिथ्य सेवाप्रदाताओं द्वारा अनुचित व्यापार कार्यपद्धतियों से सम्बन्धित शिकायतें दर्ज करने के लिए नागरिकों हेतु 24x7 उपलब्ध है। विदेशी पर्यटक भी पंजीकृत भारतीय मोबाइल नम्बर के माध्यम से इस पोर्टल पर अपनी शिकायतें दर्ज करते हैं। इसके अतिरिक्त ईमेल, प्रत्येक्ष रूप से तथा पर्यटन मंत्रालय के विदेश स्थित फील्ड कार्यालयों के जरिए भी शिकायतें मिलती हैं। मंत्रालय में ऐसे सभी मामलों की जाँच होती है और शिकायतों/समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित यात्रा एवं पर्यटन सेवाप्रदाताओं से सम्पर्क किया जाता है। तदनुसार शिकायतों का उत्तर शिकायतकर्ताओं को भेजा जाता है।

(घ): पिछले पाँच वर्षों के दौरान निरोगता पर्यटक सेवाप्रदाताओं तथा चिकित्सा पर्यटक सेवाप्रदाताओं को बाजार विकास सहायता (एमडीए) योजना के तहत दी गई वित्तीय सहायता का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

****

अनुबंध

चिकित्सा पर्यटन से अर्जित राजस्व के सम्बन्ध में दिनांक 24.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 608 के भाग (घ) के उत्तर में विवरण

वर्ष 2018-19 के दौरान हुए व्यय का विवरण (रुपये में)

बाजार विकास सहायता (एमडीए)				
क्र.सं.	आयोजक का नाम	आयोजन का नाम तथा अवधि	स्वीकृत/अनुमोदित राशि	जारी की गई राशि
1.	मै. इंडियन हॉलिडे प्रा. लि. 70, एलजीएफ वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाराखम्भा लेन, नई दिल्ली	8 से 11 नवम्बर, 2017 तक लंदन (यूके) में आयोजित चिकित्सा पर्यटन मेला डब्ल्यूटीएम-2017	2,00,000	2,00,000
2.	मै. ग्रांट मेडिकल फाउंडेशन (रूबी हॉल क्लीनिक), 40, सासोन रोड, पुणे-411001	9 से 11 अक्टूबर, 2017 तक ओमान में आयोजित चिकित्सा पर्यटन मेला, ओमान स्वास्थ्य प्रदर्शनी तथा सम्मेलन	2,00,000	2,00,000
3.	मै. ए जे ट्रैवल्स प्रा. लि. एससीओ-9, सिल्वर सिटी एक्सटेंशन, जिरकपुर	7 से 11 मार्च 2018 तक जर्मनी में चिकित्सा पर्यटन मेला-आईटीबी बार्लिन-2018	1,20,499	1,20,499
4.	मै. इंडियन हॉलिडे प्रा. लि. 70, एल एफ एफ वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाराखम्बा लेन नई दिल्ली -110001	22 से 25 अप्रैल 2018 तक चिकित्सा पर्यटन मेला-एटीएम दुबई (यूएई)	2,50,000	2,50,000
5.	मै. सोमतीरम रिसर्च इंस्टीट्यूट एंड आयुर्वेद हॉस्पिटल प्रा. लि., त्रिवेंद्रम	13 से 15 मार्च, 2018 तक मॉस्को में आयोजित निरोगता पर्यटन मेला-एमआईटीटी 2018	2,50,000	2,50,000
			कुल	**10,20,499**

वर्ष 2020-21 के दौरान हुए व्यय का विवरण (रुपये में)

बाजार विकास सहायता (एमडीए)				
क्र.सं.	आयोजक का नाम	आयोजन का नाम तथा अवधि	स्वीकृत/ अनुमोदित राशि	जारी की गई राशि
1.	मै. एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ फरीदाबाद, हरियाणा (ब्लू सैफायर हैल्यकेयर प्रा. लि.)	28 से 30 सितम्बर, 2019 तक इथियोपिया में आयोजित इंडिया मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन प्रदर्शनी (आईएमटीडी) में श्री शैलेश कुमार झा, ग्रुप हैड की भागीदारी के लिए मै. एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ को वित्तीय सहायता (बाजार विकास सहायता)	2,50,000	2,50,000
2.	मै.ए.जे. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मंगलूरू	28-30 सितम्बर, 2019 तक इथियोपिया में आयोजित इंडिया मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन प्रदर्शनी (आईएमटीडी) में डॉ. प्रशांत मारला, चिकित्सा निदेशक की भागीदारी के लिए मै. एलएमईटी ए.जे. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मंगलुरू को वित्तीय सहायता (बाजार विकास सहायता)	2,50,000	2,50,000
3.	मै. डॉक्टर बालाभाई नानावती हॉस्पिटल, मुम्बई	28-30 सितम्बर, 2019 तक इथियोपिया में आयोजित इंडिया मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन प्रदर्शनी (आईएमटीडी) में डॉ. सुरुचि देसाई, सीनियन कन्सल्टेंट को भागीदारी के लिए मै. बालाभाई नानावटी हॉस्पिटल विले पारले, मुम्बई को वित्तीय सहायता (बाजार विकास सहायता)	2,50,000	2,50,000
			कुल	**7,50,000**

****